an>

Title: Need to check the steep fee hike by private schools affiliated to CBSE in Ranchi parliamentary constituency, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची)ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र रांची के सी.बी.एस.सी. बोर्ड से संबद्ध प्राईवेट सकूल में अभिभावकों से नियमों के खिलाफ रिएडमिशन के नाम पर भारी रकम ली जा रही है जिसके कारण अभिभावकों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। यह एक तरह से जन-शोषण है। उपरोक्त स्कूलों ने शिक्षा के नाम पर अनाप शनाप कमाने की जो परम्परा शुरू की है इससे शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जबकि पाठ्यक्रम में सामान्यतः पांच वर्ष तक परिवर्तन नहीं होता है तो स्कूल अभिभावकों को पुस्तक छापने वाले प्रिंटरों से प्राप्त कथित कमीशन के आधार पर हर साल नई किताब खरीदने के लिए कहा जाता है, जबकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं होती है। औसत पांच साल के बाद पाठ्यक्रम में बदलाव होने पर किताब बदली जाती है, परन्तु हर साल किताब बदलने का कार्य स्कूलों में हो रहा है। एक बार एडमिशन होने के बाद रिएडमिशन का कोई मामला नहीं बनता परन्तु हर साल रिएडमिशन के नाम पर अभिभावकों से रकम वसूली जाती है। उपरोक्त स्कूलों में इस प्रकार की गैर कानूनी गतिविधियों के विरोध में जन आन्दोलन भी हो रहे हैं। इन अनियमितताओं से अन्य छात्रों को भी परेशानी हो रही है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सी.बी.एस.सी. बोर्ड से संबद्ध प्राईवेट स्कूलों द्वारा गरीब बच्चो, मध्यम वर्ग के बच्चों से शिक्षा के नाम पर पैसा कमाऊ गतिविधियों पर अविलम्ब जांच कर रोक लगाई जाये और उनके शोषण से गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चों को बचाया जाये।